हाथरस से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
'भव्य प्रभात'
विज्ञापन व समाचार के लिये सम्पर्क करें–
कार्यालय
7–ऊपरी मंजिल बागला डिग्री कालेज,हाथरस
9319426268,9410427880
Email:-bhavyaprabhat@gmail.com

हाथरस से प्रकाशित दैनिक
# भव्य प्रभात
खबर,सच्चाई के साथ


वर्ष 18, अंक 217 04 अगस्त 2025 सोमवार हाथरस पृष्ठ 8 मूल्य–2/–रूपये स्वागत मूल्य 1/–रूपये

### पुलिस विभाग में चयनित कर्मियों को सौंपा नियुक्ति पत्र..., सीएम योगी बोले–

# अब युवाओं के लिए मौके

**सीएम योगी बोलेः 2017 से पहले होने वाली भर्तियों में हावी था भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद, फिर होने जा रही 30 हजार भर्ती**

लखनऊ,(एजेंसी)। यूपी पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित सहायक परिचालकों और कर्मशाला कर्मचारियों को सीएम योगी आदित्यनाथ ने नियुक्ति पत्र सौंपा। कार्यक्रम में सीएम के साथ कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना मौजूद रहे। राजधानी लखनऊ में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस दूरसंचार विभाग के लिए चयनित 1494 कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। कार्यक्रम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के सभागार में हो रहा है। कार्यक्रम में सीएम के साथ कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना समेत अन्य लोग मौजूद रहे। इससे पहले डीजीपी राजीव कृष्णा ने सीएम को प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया। बताते चलें कि 60244 सिपाहियों की भर्ती के बाद उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा पुलिस के आधुनिकीकरण के प्रक्रिया के तहत दूरसंचार विंग में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा कराया था। इसके आधार पर ही सहायक परिचालकों और कर्मशाला कर्मचारियों का चयन किया गया है। जिन लोगों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा, उनमें 1314 सहायक परिचालक और 120 कर्मशाला कर्मचारी शामिल हैं। पुलिस को बेहतर आवासीय सुविधा दी जा रही है– सीएम योगी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि अभी और 30 हजार भर्ती के लिए प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। बिना रुके, बिना डिगे, बिना थके



काम चल रहा है। हमने प्रदेश में पुलिस की ट्रेनिंग क्षमता बढ़ाई है। पहले मिलिट्री और अर्ध सैनिक बलों के ट्रेनिंग सेंटर लेने पड़ते थे। आज 60244 पुलिस के सिपाही अपने ही सेंटर पर ट्रेनिंग कर रहे हैं। किसी के ट्रेनिंग सेंटर को हायर नहीं किया गया। पुलिस को बेहतर आवासीय सुविधा दी जा रही है। कई जिलो में पुलिस लाइन नहीं थी। हम लोगों ने पुलिस लाइन बनाई। 1970–71 से यूपी में पुलिस कमिश्नरी बनाने की मांग की जा रही थी। इस पर भी हमने निर्णय लिया। आज सात जिलों में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था चल रही है। पुलिस को आम नागरिक के प्रति संवेदनशील होना पड़ेगा सीएम ने आगे कहा आज यूपी पुलिस देशभर में उदाहरण बनी हुई है। हर भारतवासी आज स्वीकार करता है कि यूपी में कानून व्यवस्था सही हुई है। महाकुंभ जैसे आयोजन में यूपी पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता और उसके व्यवहार से इतना भव्य आयोजन सफल हुआ। आज हम उस दौर में आ चुके हैं, जब देश स्वतंत्र है। पुलिस को आम नागरिक के प्रति संवेदनशील होना पड़ेगा। प्रदेश की आधी आबादी को किनारे करके हम विकास नहीं कर सकते, इसीलिए यूपी पुलिस में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने का सपना देखा था।

## करीब 100 सीटों पर हुआ घोटाला, चुनाव आयोग साजिश का हिस्साः संजय राउत

मुंबई,(एजेंसी)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की तरफ से चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों के बाद से उन्हें तमाम विपक्षी नेताओं का समर्थन भी मिलता दिख रहा है। इसमें नया नाम शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत का जुड़ा है, उन्होंने भी राहुल गांधी के दावे का समर्थन किया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तरफ से चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा खोलने के बाद अब उन्हें तमाम विपक्षी दलों से समर्थन भी मिल रहा है। बता दें कि शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने राहुल गांधी के धांधली के दावे का समर्थन करते हुए कहा, श्करीब 100 सीटों पर घोटाला हुआ। चुनाव आयोग इस साजिश का हिस्सा था। अगर ऐसा नहीं होता, तो नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बन पाते। राहुल गांधी के पास सबूत हैं।श राहुल गांधी ने क्या कहा था? 23 जुलाई को राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि देश में चुनावों की चोरी की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी ने कर्नाटक की एक लोकसभा सीट पर गहराई से अध्ययन किया है और वोट चोरी की पूरी प्रक्रिया का पता लगा लिया है। उन्होंने कहा, श्कर्नाटक में हमने एक सीट को चुना और उसकी वोटर लिस्ट को डिजिटल फॉर्मेट में कन्वर्ट किया। इस प्रक्रिया में छह महीने लगे। इसके बाद हमें समझ में आ गया कि वोट चोरी कैसे होती है, कौन करता है और नए वोटर्स कहां से लाए जाते हैं।श जनता के सामने रखेंगे सबूत– राहुल गांधी राहुल गांधी का कहना है कि श्हमें इसका कागजी सबूत मिल गया है। हम इसे जनता और चुनाव आयोग के सामने रखेंगे।श बता दें कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव नवंबर 2024 में हुए थे और इसके कुछ महीने बाद से ही कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी की तरफ से चुनाव आयोग पर कई आरोप लगाए जा चुके हैं। उन्होंने ये भी कहा है कि महाराष्ट्र के बाद अब बिहार में वोटों की धांधली की साजिश रची जा रही है, जिसे कांग्रेस सफल नहीं होने देगी। राहुल के आरोपों पर चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया वहीं कांग्रेस नेता के श्वोट चोरीश वाले बयान पर चुनाव आयोग (ईसी) ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। आयोग ने सभी चुनाव अधिकारियों से कहा है कि वे ऐसे श्गैर–जिम्मेदाराना और निराधारश बयानों पर ध्यान न दें और पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ अपना काम करते रहें। चुनाव आयोग ने कहा कि इस तरह के आरोप आजकल रोजाना लगाए जाते हैं और इनका कोई ठोस आधार नहीं होता।



# गोंडा में बोलेरो नहर में गिरी




**यूपी में बड़ा हादसाः नहर में गिरी श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो, 11 की मौत... मृतकों में नौ लोग एक ही परिवार के, जल चढ़ाने मंदिर जा रहे थे**



गोंडा,(एजेंसी)। गोंडा में श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो नहर में गिर गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। जबकि, चार की हालत नाजुक बताई जा रही है। मृतकों में नौ लोग एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में भीषण हादसा हो गया। यहां एक बोलेरो अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई, एक लापता है। जबकि, तीन लोगों को बचा लिया गया है। मरने वालों में नौ लोग एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। हादसा इटियाथोक के बेलवा बहुता नहर पुल पर हुआ। बोलेरो सवार सभी लोग पृथ्वीनाथ मंदिर जलाभिषेक के लिए जा रहे थे। ये लोग मोतीगंज थाना क्षेत्र के सीहागांव के रहने वाले थे। गाड़ी में 15 लोग सवार थे। पानी में डूबने से 11 की मौत हो गई। जबकि, एक लापता है। सीएम योगी ने लिया घटना का संज्ञान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना का संज्ञान लेकर शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। घायलों के समुचित उपचार के भी निर्देश दिए हैं। सीएम ने मृतकों के परिजनों को पांच लाख की आर्थिक सहायता दिए जाने के निर्देश दिए हैं। बारिश बनी काल बताया जा रहा है कि हादसे के समय हल्की बारिश हो रही थी। नहर के किनारे की सड़क फिसलन भरी थी और बेहद संकरी भी। बोलेरो को साइड से गुजारने की कोशिश के दौरान अचानक वाहन फिसलकर नहर में पलट गया। वाहन पानी में पूरी तरह डूब गया। इससे सवार लोगों को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला। चश्मदीदों ने बताया भयावह मंजर स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह करीब 6.00 बजे एक जोर की आवाज सुनाई दी। कुछ ही देर में लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि बोलेरो नहर में समा चुकी थी। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और खुद भी बचाव कार्य में जुट गए। बाद में प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम ने मोर्चा संभाला। मौके पर पहुंचे डीएम और एसपी हादसे की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन और पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल मौके पर पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एनडीआरएफ की टीम, पुलिस बल और स्थानीय गोताखोरों ने शवों की तलाश शुरू की। अब तक 11 शव बरामद किए जा चुके हैं। एक व्यक्ति की तलाश अब भी जारी है, जबकि तीन लोग किसी तरह बाहर निकलकर बच गए। मृतकों की पहचान के प्रयास जारी घटना में मृत श्रद्धालुओं की शिनाख्त की प्रक्रिया चल रही है।

# रात से बरसात, कई इलाकों में जलभराव

## रास्ते में खराब हो रहीं गाड़ियां, दिन में अंधेरा छाया, गोमतीनगर-पीजीआई में पेड़ गिरे

लखनऊ,संवाददाता। लखनऊ में शनिवार रात से बरसात हो रही है। आसमान में काले बादल छाए हैं। दिन में अंधेरा छाया है। बीच–बीच में कई बार तेज बारिश भी हो रही है। इसकी वजह से गोमती नगर, चिनहट, सरोजनी नगर, सुशांत गोल्फ सिटी, महिलाबाद, इंदिरानगर समेत कई इलाकों में जलभराव हो गया है। इससे गाड़ियां खराब हो रही हैं। लोग धक्का लगाकर गाड़ी को जलभराव से बाहर कर रहे हैं। गोमती नगर में रेस्टोरेंट के भीतर पानी घुस गया। बारिश की वजह से आलमबाग, चिनहट, सरोजनीनगर, अमीनाबाद में बिजली कटौती भी समस्या हुई। मौसम विभाग ने भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। शनिवार सुबह 8रू30 से आज सुबह 8रू30 बजे तक 19.1 डड बारिश हुई है। इस दौरान 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है। दिन में अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहने की संभावना है। लगातार हो रही बारिश की वजह से मौसम सुहाना हो गया है। वेटलैंड, इंदिरा डैम पहुंचकर युवा मस्ती कर रहे हैं। छोटे बच्चे कॉलोनी में ही साइकिल चलाकर बारिश का आनंद ले रहे हैं। बारिश ने फ्रेंडशिप डे की मस्ती को दोगुना कर दिया है। बड़ी संख्या में युवा वेटलैंड पहुंचकर फ्रेंडशिप डे सेलिब्रेट कर रहे हैं। वहीं, शनिवार को अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 27.1 डिग्री था। अधिकतम आर्द्रता 94 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 79 फीसदी थी। 3–4 दिनों में बदलेगा मौसम उत्तर प्रदेश में मानसून की सक्रियता बढ़ने से अगले 3–4 दिनों तक मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून द्रोणी के उत्तर की ओर खिसकने और पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं बिहार में बने चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश के कई हिस्सों में बादलों के गरजने, बिजली गिरने और भारी बारिश की संभावना है। 3 और 4 अगस्त को कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी लखनऊ में भी इस दौरान मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है, विशेषकर 3–4 अगस्त को। बारिश के प्रभाव से तापमान में 2–4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है, जिससे गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। पल–पल के अपडेट के लिए लाइव ब्लॉग से गुजर जाइए... गोमती नगर में तेज बारिश हो रही है। लोग केवल चारपहिया वाहन लेकर ही घर से निकल रहे हैं। यह वीडियो विभूति खंड इलाके का है। बारिश के दरम्यान इंदिरा डैम में पानी बढ़ रहा है। बहाव भी तेज है। कुछ युवक डैम में जाकर रीलबाजी कर रहे हैं। सुल्तानपुर रोड पर गाड़ियां डिवाइड से सटकर चल रहीं अहिमामऊ में सुल्तानपुर रोड पर गाड़ियां डिवाइडर से सटकर चल रही हैं। दिन में दृश्यता कम होने की वजह से ज्यादातर ड्राइवर गाड़ियों की हेडलाइट ऑन करके चल रहे हैं। अहिमामऊ में सुल्तानपुर रोड पर एक कार खराब हो गई। इसके बाद ड्राइवर अंदर रहा और दोस्त कार को धक्का लगाने लगा। मौसम के ताजा अपडेट्स दे रहे हैं भास्कर रिपोर्टर आदित्य तिवारी दिन में वाहनों की हेडलाइट ऑन करके चल रहे लोग लगातार बारिश होने और अंधेरा जैसा छाया रहने से लोग वाहनों की हेडलाइट दिन में भी ऑन करके चल रहे हैं। इकाना स्टेडियम के पास तेज बारिश हो रही है इकाना स्टेडियम के पास तेज बारिश हो रही है। बाइक सवार युवक बारिश में भीग रहे हैं। लखनऊ के गोसाईगंज इलाके में तेज बारिश हो रही है गोसाईगंज, अहिमामऊ और खुर्दही बाजार में जोरदार बारिश हो रही है। सड़कें सूनी हैं। इंदिरा डैम पर जलस्तर काफी बढ़ गया है मलिहाबाद में सड़क पर जलभराव हुआ मलिहाबाद में शनिवार रात से ही बारिश हो रही है। इससे सड़कों पर जलभराव हो गया है। रिमझिम बरसात के बीच फ्रेंडशिप डे मनाने वेटलैंड पहुंचे युवा आज फ्रेंडशिप डे है। इसको लेकर युवाओं में उत्साह है। तमाम युवा बारिश के बीच वेटीलैंड पहुंचकर फ्रेंडशिप मना रहे हैं। सिटी अंडरपास में गंदा पानी भर गया सिटी अंडरपास की सड़क टूटी है। उसमें गंदा पानी भर गया है। इससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। लखनऊ में पर्यटकों की संख्या में आज कमी है बारिश के चलते लखनऊ में घूमने आने वाले पर्यटकों की संख्या में आज कमी है। तांगे रूमी गेट के पास खड़े हैं लेकिन पर्यटक नहीं हैं। घंटाघर के पास भी आमदिनों की तरह भीड़ नहीं है। बिजली आपूर्ति न होने से लोग परेशान काकोरी पावर हाउस अंतर्गत आने वाला शाहपुर फीडर रविवार तड़के करीब 3 बजे से बंद है, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल रही है। सबसे ज्यादा परेशानी पानी की हो रही है, क्योंकि मोटरें बंद पड़ी हैं। कई इलाकों में पानी का संकट गहरा गया है।कई उपभोक्ता नाराज होकर सड़कों पर उतर आए और अपना विरोध दर्ज कराया। स्थानीय लोगों ने बताया कि सूचना देने के बावजूद अभी तक किसी अधिकारी ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

## ईदगाह में निःशुल्क चिकित्सा कैम्प का आयोजन

लखनऊ,संवाददाता। मानवता की बुनियाद समाज सेवा के जज्बे से हमवार होती है। खुदा पाक के बन्दों की सेवा करना एक बहुत अच्छा कार्य है जो हर इन्सान को व्यक्तिगत एवं सामूहिक तौर पर समाज के लिए अंजाम देना चाहिए। यह कार्य न सिर्फ मानवता की तामीर व तरक्की का कारण बल्कि इस नेक कार्य से व्यक्ति के व्यक्तित्व में भी निखार पैदा होता है। इन ख्यालात का इज्हार इमाम ईदगाह लखनऊ व काजी शहर मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया फरंगी महल ने किया। वह आज इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया, मेदान्ता हास्पिटल और काइंड हस्पिटल के सौजन्य से दारूल उलूम फरंगी महल ईदगाह लखनऊ में आयोजित मांसिक निःशुल्क चिकित्सा कैम्प से सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि जरूरत मन्दों और गरीबों की सहायता व सहयोग करना इस्लाम की शिक्षा व हिदायत पर अमल करना है। समाज सेवा जैसे नेक काम के नमूने हमको रसूले पाक सल्ल0 की सीरत और साहाबा रजि0 के हालात में बहुत मिलते हैं। मौलाना ने कहा कि इस्लामिक सेन्टर के अर्न्तगत इस निःशुल्क चिकित्सा कैम्प का आरम्भ मौलाना अबू तैय्यब अहमद मियॉं फरंगी महली की सरपरस्ती में सन् 2000 में हुआ था। आज 189वॉं कैम्प था। यह हर महीने की पहली इतवार को लगता है। इस कैम्प से बिना किसी धार्मिक भेद भाव के हजारों लोग लाभ उठा चुके हैं। यहॉं निःशुल्क चश्मे दिये जाते हैं। ब्लड प्रेशर, शूगर, थाईराइड, स्त्री रोग इत्यादि की जॉंच और निःशुल्क दवायें दी जाती हैं। इस कैम्प में काइन्ड हास्पिटल्ल के डायरेक्टर और प्रख्यात चिकित्सक डा0 शारिक हबीब, मैक्स हास्पिटल की पूरी टीम, बेग आई सेन्टर की पूरी टीम, उवैस अहमद, अम्बर ट्रस्ट के जुबैर अहमद किदवाई ने अपनी अपनी सेवाओं को अंजाम दिया। मेहमानों का स्वागत मौलाना गुफरान अहमद शमसी ने किया और शुक्रिया मौलाना हारून निजामी ने अदा किया। इस अवसर पर मौलाना मो0 सुफयान निजामी, मुनीब अलवी, शेख़ राशिद अली मीनाई, कारी मो0 हारून, मौलाना मो0 शमीम, मौ0 अब्दुल मुगीस, अदनान शाहिद खॉं, फैज खालिद, अबुजर राईन मौजूद थे।

## प्रदेश में 30 फीसदी महंगा हो सकता है बिजली का नया कनेक्शन, कॉर्पोरेशन ने दिया दरें बढ़ाने का प्रस्ताव

लखनऊ,संवाददाता। यूपी में नया बिजली कनेक्शन लेना पहले की तुलना में 30 फीसदी महंगा हो सकता है। पावर कॉर्पोरेशन बिजली दर ही नहीं बल्कि नए कनेक्शन की दरों में भी बढोतरी चाहता है। पावर कॉर्पोरेशन बिजली दर ही नहीं बल्कि नए कनेक्शन की दरों में भी बढोतरी चाहता है। घरेलू कनेक्शन की दर में करीब 25 से 50 फीसदी और वाणिज्यिक दर में 100 फीसदी तक बढोतरी की मांग कर रहा है।

मालिक मुद्रक, प्रकाशक, आशीष सेंगर द्वारा विभा प्रिंटर्स मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग,हाथरस से मुद्रित एवं प्रधान कार्यालय मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग सरस्वती कुंज हाथरस से प्रकाशित।
RNI- UPHIN/2007/23475
सम्पादकः अंजली शर्मा
मो. 9410427880 09319426268
Email:- bhavyaprabhat@gmail.com
समस्त समाचारों के चयन एवं उनसे उत्पन्न विवादों के लिये पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार।
समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र हाथरस होगा।

छपाई छपाई
बिल बुक,लेटर पैड,पम्पलेट
पोस्टर,शादी कार्ड,अखबार
आधुनिक कम्प्यूटराइज्ड मशीन द्वारा साफ सुन्दर एवं कलात्मक छपाई
विभा प्रिन्टर्स
मुंशी गजाधर सिंह मार्ग,अलीगढ़ रोड, हाथरस
मो० 9410427880 ,9319426268





# प्रेस क्लब ऑफ हाथरस की सादाबाद इकाई का हुआ भव्य शपथ ग्रहण व स्वागत सम्मान

(भव्य प्रभात)
हाथरस। पत्रकारिता के संरक्षण तथा पत्रकारों के अधिकारों व देश के चौथे स्तंभ से मजबूती के साथ जुड़े पत्रकारों को न्याय हो और उनको मानवीय अधिकार दिलाए जाने हेतु गठित प्रेस क्लब ऑफ हाथरस की सादाबाद तहसील इकाई का आज विशाल एवं भव्य शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह हाथरस आगरा रोड पर बढार चौराहा के पास स्थित आर.बी. गौतम पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें जनपद भर के पत्रकारों द्वारा सहभागिता की गई और सादाबाद की पूरी इकाई को शपथ के साथ सभी पत्रकारों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।



- पत्रकारों की समस्याओं का निदान करायें अधिकारी : उमाशंकर जैन
- प्रेस, पुलिस व प्रशासन आपस में सहयोगी : सीओ अमित पाठक
- प्रेस क्लब भवन हेतु शीघ्र करेंगे इंतजाम : एसडीएम सादाबाद

प्रेस क्लब ऑफ हाथरस की सादाबाद इकाई के बैनरतले आयोजित विशाल पत्रकार शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम संजय कुमार,नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हेमलता अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्राधिकारी सादाबाद अमित पाठक, प्रेस क्लब ऑफ हाथरस के जिलाध्यक्ष उमाशंकर जैन,सादाबाद कोतवाली प्रभारी योगेश कुमार सिंह, सहपऊ कोतवाली प्रभारी शिवकुमार शर्मा, सादाबाद बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेंद्र पाराशर थे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एमडी हॉस्पिटल के चेयरमैन एवं प्रमुख समाजसेवी धर्मेंद्र गौतम द्वारा की गई।

प्रेस क्लब ऑफ हाथरस की सादाबाद इकाई के आयोजित विशाल शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम संजय कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हेमलता अग्रवाल ,एमडी हॉस्पिटल के एमडी धर्मेंद्र गौतम, प्रेस क्लब ऑफ हाथरस के जिलाध्यक्ष उमाशंकर जैन तथा सहायक सूचना अधिकारी नरेंद्र कुमार, तहसील सादाबाद के अध्यक्ष रंजीत कुमार बघेल द्वारा मां सरस्वती के छविचित्र पर माल्यार्पण करके एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब ऑफ हाथरस तहसील सादाबाद के अध्यक्ष रंजीत कुमार बघेल, महामंत्री डॉ.योगेश शर्मा संरक्षक किशोर वार्ष्णेय एवं तहसील सादाबाद की पूरी टीम द्वारा मंचासीन सभी अतिथियों का फूलमालाओं से लादकर व दुपट्टा ओढ़ाकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

इस अवसर पर प्रेस क्लब ऑफ हाथरस की तहसील इकाई सादाबाद के अध्यक्ष रंजीत कुमार बघेल ने पत्रकारों से जुड़ी समस्या को उठाते हुए कहा कि तहसील क्षेत्र में पत्रकारों के लिए बैठने के लिए कोई उचित स्थान नहीं है और उन्होंने मंच से एसडीएम सादाबाद व नगर पंचायत अध्यक्ष से सादाबाद में प्रेस क्लब भवन हेतु उनसे भूमि आवंटित किये जाने की मांग की। कार्यक्रम में सादाबाद के पुलिस क्षेत्राधिकार अमित पाठक ने कहा कि प्रेस और पुलिस व प्रशासन का हर वक्त का आपस में तालमेल है।

उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पत्रकारों के सहयोग के लिए हर समय तत्पर है और पत्रकार बंधुओ को पूर्ण सहयोग किया जाएगा।

विशाल शपथ ग्रहण समारोह के संबोधित करते हुए प्रेस क्लब ऑफ हाथरस के जिलाध्यक्ष उमाशंकर जैन ने कहा कि प्रेस क्लब ऑफ हाथरस का गठन पत्रकारों के हितों को देखते हुए किया गया है। उन्होंने कहा कि उनके स्वर्गीय पिता श्री लालता प्रसाद जैन द्वारा जनपद हाथरस में पत्रकारों के हितों के लिए व उनकी आवाज को उठाने तथा उनके लिए संघर्ष करने हेतु उस समय प्रेस क्लब का गठन किया गया था और उनके द्वारा स्थापित उच्च आदर्श एवं मुहिम को ही आगे बढ़ाते हुए पत्रकारों के हितों के संरक्षण के लिए प्रेस क्लब ऑफ हाथरस का गठन किया गया है। जिलाध्यक्ष उमाशंकर जैन ने कहा कि पत्रकार 24 घंटे कार्य करता है और वह लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत करता है ,लेकिन किसी से कोई मेहनताना नहीं लेता है। उन्होंने तहसील सादाबाद के एसडीएम,सीओ व अन्य मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह करते हुए कहा कि पत्रकारों के हित में उनकी आवश्यक समस्याओं पर ध्यान देते हुए उन्हें पूर्ण कराया जाना आवश्यक है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि उनका सौभाग्य है उन्हें प्रेस क्लब ऑफ हाथरस के शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित कर उन्हें मौका दिया तथा उन्होंने कहा कि पत्रकार जनहित के मुद्दों को उठाते हुए जनहित के कार्यों को करते हैं। उन्होंने प्रेस क्लब ऑफ हाथरस की तहसील सादाबाद इकाई के अध्यक्ष रंजीत बघेल द्वारा पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब भवन हेतु उठाई गई मांग पर नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ मिलकर शीघ्र से शीघ्र प्रेस क्लब भवन हेतु जमीन आवंटित करने के लिए आश्वासन दिया।

इस मौके पर मुख्य आतिथि एसडीएम सादाबाद संजय कुमार द्वारा प्रेस क्लब ऑफ हाथरस के सादाबाद की नगर इकाई के अध्यक्ष रंजीत कुमार बघेल, महामंत्री डॉ. योगेश शर्मा, संरक्षक किशोर वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष विजय वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक कुलश्रेष्ठ, उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, मुकेश यादव, कन्हैया लाल, मंत्री मोहन अग्रवाल, रंजीत वर्मा, उप मंत्री राम रतन शर्मा, देशराज गोला, ऑडिटर योगेश शर्मा, संगठन मंत्री सुशील शर्मा, कार्यालय प्रभारी प्रवीण गुप्ता, मीडिया प्रभारी राजेश गौतम, सोनू चौधरी को पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई गई।

शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर प्रेस क्लब ऑफ हाथरस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुष्कर कुमार, महामंत्री राजदीप तोमर, उपाध्यक्ष शुभम गुप्ता, कोषाध्यक्ष बृजेश मिश्र, मंत्री राहुल शर्मा (पुनीत शर्मा), ऑडिटर जिनेंद्र जैन, मीडिया प्रभारी आशीष सेंगर, कार्यकारिणी सदस्य उमाकांत पुण्ढ़ीर, उमाकांत कुलश्रेष्ठ बॉबी, पुलकित जैन, शैलेंद्र कुमार सिंह, मोनू कुरैशी, शोभित शर्मा, अमित शर्मा के अलावा प्रेस क्लब ऑफ हाथरस के सासनी इकाई के अध्यक्ष अध्यक्ष सुनील शर्मा, महामंत्री देव प्रकाश देव, मनोज वार्ष्णेय ,आबिद अली, डॉ. सुखबीर सिंह कभी स्वागत एवं सम्मान किया गया। शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर समाजसेवी दाऊदयाल अग्रवाल, देवेंद्र बंसल चन्दू लाला, विपिन अग्रवाल, श्याम सुंदर गिरी, विश्व बंधु पाराशर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राधारमन अग्रवाल, विनय जिंदल, ओमप्रकाश बघेल का तहसील सादाबाद के अध्यक्ष रंजीत बघेल एवं उनकी पूरी टीम द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का प्रभावी एवं सफल संचालन भाजपा नेता सुधीर गर्ग द्वारा किया गया। जबकि सभी का आभार तहसील सादाबाद के अध्यक्ष रंजीत कुमार बघेल द्वारा व्यक्त किया गया।

## ईपीएस-९५ राष्ट्रीय संघर्ष समिति का ४ व ५ अगस्त दिल्ली के जंतर मंतर प्रदर्शन

- जिले से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील

(भव्य प्रभात)
हाथरस। ईपीएस–95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति का 4 व 5 अगस्त दिल्ली के जंतर मंतर प्रदर्शन करेगी। ईपीएस–95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ मंडल के समस्त जिलों, श्हाथरस, अलीगढ़, एटा, कासगंज के समस्त निजी एवम् सार्वजनिक क्षेत्र तथा विभिन्न संस्थानों के जुझारू और कर्मठ ईपीएस–95 पेंशनरों से निवेदन के साथ विनम्र अपील है कि दिनांक 4 व 5 अगस्त 2025 को जंतर मंतर मैदान नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत ,राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र सिंह राजावत , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूरनसिंह एवंम प्रदेश अध्यक्ष ओम शंकर तिवारी कार्यकारी अध्यक्ष सी बी सिंह, प्रांतीय संगठन मंत्री रामबाबू गुप्ता, आदि के आह्वान पर दो दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन आंदोलन में करो या मरो के साथ आर पार की लड़ाई में केंद्र सरकार पर दबाव बनाकर श्चार सूत्रीय मांगों को मंजूर कराने के लिए है। जिलाध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा एवँ सचिव मोहन लाल शर्मा ने सभी ई पी एस 95 पेंशनरों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में आंदोलन में शामिल होकर आंदोलन को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

## बूथ कमेटी व सेक्टर कमेटी बड़ी मजबूती के साथ अपने क्षेत्र में काम करें

हाथरस। सहपऊ रोड़ स्थित एक मैरिज होम पर बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई ।

इस बैठक में सर्वप्रथम बाबा डॉ0भीमराव अंबेडकर जी एवं मान्यवर कांशीराम साहब जी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय बहन कु0 मायावती जी के आदेशानुसार सेक्टर व बूथों के सम्मानीय पदाधिकारी गणों को निर्देशित किया गया है कि विधानसभा की सभी बूथ कमेटी व सेक्टर कमेटी बड़ी मजबूती के साथ अपने क्षेत्र में काम करने का कार्य करें ।

एवं जिला हाथरस के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति ली और उनसे संगठन द्वारा कार्य की समीक्षा की मुख्य अतिथि श्री विक्रम सिंह जाटव जी मुख्य मण्डल प्रभारी जी ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बूथ कमेटी व सेक्टर कमेटी के पदाधिकारियों को बताया कि बहुजन समाज पार्टी की सरकार क्यों बनी इसका मुख्य उद्देश्य दलित शोषित पीड़ित गैर बराबरी की जैसी समस्या को दूर करना और सूबे में अमन चौन की बहन कु0 मायावती जी जैसा शाशन लाना एवं अरविंद आदित्य जी मुख्य मण्डल प्रभारी जी ने बहन जी के द्वारा दिये गए संगठन को मजबूत करने वाले दिशा निर्देशों को जन जन तक पहुचाया । विजेन्द्र सिंह विक्रम मण्डल प्रभारी ने कहा कि जैसे बाबा साहब ने संघर्ष किया व मान्यवर साहब ने भी उसी प्रकार संघर्ष किया ।डॉ0अविन शर्मा जी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी जी ने कहा कि आदरणीय बहन कु0मायावती जी को अपना आदर्श नेता मानते हुए सर्व समाज की सेवा करने से बहुत खुशी मिलती है और में हमेशा नीले झण्डे के साथ ही रहूँगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राजकपूर जिलाध्यक्ष ने की और समाजवादी पार्टी छोड़कर सादाबाद के मुस्लिम भाइयों ने बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ली ।कार्यक्रम में जिला कमेटी, विधानसभा कमेटी, सेक्टर व बूथ कमेटी के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद देकर कार्यक्रम समापन किया ।

# रक्षाबंधन के अवसरपर बालिका विद्या मंदिर की छात्राओं ने राखी बनाकर दिया स्वदेशी का संदेश

## राखी बनाने जैसे कार्यों से छात्राओं के अंदर निपुणता का होता है एहसास– सुशील शुक्ला

लालगंजरायबरेली। सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लालगंज, रायबरेली में आगामी रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की सुंदर एवं आकर्षक राखियाँ बनाई गईं। इन राखियों में छात्राओं की सृजनात्मकता एवं कलात्मक प्रतिभा की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली।इस अवसर पर बाल कल्याण समिति की ओर से मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सुशील शुक्ला जी ने कहा कि हस्त निर्मित वस्तुओं से स्वदेशी का भाव जागृत होता है। उन्होंने छात्राओं के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। शिक्षा के साथ–साथ अन्य कार्यों से छात्राओं के अंदर निपुणता के भाव का भी एहसास होता है। बाल कल्याण समिति के सदस्य सुशील शुक्ला ने बालिका विद्या मंदिर की शिक्षा पद्धति की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र का इकलौता ऐसा विद्यालय है जहां पर छात्राओं को संस्कार के साथ–साथ सर्वांगीण रूपी शिक्षा प्रदान की जाती है।विद्यालय की



प्रधानाचार्या श्रीमती ममता सिंह जी ने भी छात्राओं के रचनात्मक प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि छात्राओं के आत्मविश्वास एवं कौशल विकास में भी सहायक सिद्ध होती हैं। विद्यालय परिवार द्वारा इस आयोजन को अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक बताया गया। इस मौक पर आचार्या माया अवस्थी जी, रीना जी , दीपिका दीक्षित जी व अन्य उपस्थित रहे। शिक्षा के साथ–साथ अन्य कार्यों से छात्राओं के अंदर निपुणता के भाव का भी एहसास होता है। बाल कल्याण समिति के सदस्य सुशील शुक्ला ने बालिका विद्या मंदिर की शिक्षा पद्धति की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र का इकलौता ऐसा विद्यालय है जहां पर छात्राओं को संस्कार के साथ–साथ सर्वांगीण रूपी शिक्षा प्रदान की जाती है।

## ला रेजिडेंसिया के निवासियों ने किया प्रदर्शन,मेंटेनेंस शुल्क में 40: की वृद्धि के विरोध में सड़क पर उतरे

नोएडा,संवाददाता। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ला रेजिडेंसिया के निवासियों ने मेंटेनेंस शुल्क में 40: की वृद्धि के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। 3 अगस्त को आयोजित इस प्रदर्शन में सैकड़ों निवासी टी–37 बिल्डर कार्यालय और सेंट्रल पार्क के बाहर एकत्रित हुए। प्रदर्शनकारियों ने प्लेकार्ड और पोस्टर के माध्यम से अपनी आवाज उठाई। उनकी मुख्य मांगों में मेंटेनेंस शुल्क को 1.50 से बढ़ाकर 2.10 रुपए प्रति वर्गफुट किए जाने के फैसले को वापस लेना शामिल था। साथ ही निवासियों ने सुरक्षा, सफाई, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को तुरंत बहाल करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने यह भी मांग की कि भविष्य में किसी भी शुल्क वृद्धि से पहले निवासियों की स्पष्ट सहमति ली जाए। इस आंदोलन में 300 से अधिक परिवारों के सदस्यों ने समर्थन दिया। निवासियों ने बिल्डर को स्पष्ट संदेश दिया कि वे अब चुप नहीं बैठेंगे और जब तक यह अन्यायपूर्ण वृद्धि वापस नहीं होती, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द नहीं मानी गईं, तो वे अगली बैठक और व्यापक आंदोलन की घोषणा करेंगे। पूरा प्रदर्शन शांतिपूर्ण और अनुशासित रहा। निवासियों का मानना है कि उनकी एकता ही उनकी ताकत है और यही बदलाव की कुंजी बनेगी।

## अनीश राज ने स्केटिंग में जीता गोल्ड,दक्षिण कोरिया में हुई थी चौंपियनशिप

नोएडा,संवाददाता। अनीश राज ने 20वीं एशियाई रोलर–स्केटिंग चौंपियनशिप में 1–लैप रोड कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता है। ये चौंपियनशिप दक्षिण कोरिया में 19 से 30 जुलाई के बीच आयोजित हुई थी। वह नोएडा के सेक्टर 77 के रहने वाले हैं। इस प्रतियोगिता में 14 देशों के एथलीटों ने हिस्सा लिया। जहां भारतीय खिलाड़ियों ने विभिन्न श्रेणियों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। अनीश उत्तर प्रदेश के पहले अंडर–19 स्केटर हैं। जिन्होंने एशियाई चौंपियनशिप और वर्ल्ड स्केट गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में अब तक 101 स्वर्ण, 15 रजत और 5 कांस्य पदक जीत चुके अनीश का रोलर स्केटिंग में सफर उनकी कड़ी मेहनत और अनुशासन का जीवंत उदाहरण है। 2019 में बेल्जियम में आयोजित फ्लैंडर्स ग्रां प्री यूरोपियन कप में स्वर्ण पदक,2023 में 61वीं राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चौंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन और पोडियम फिनिश,2017 से उत्तर प्रदेश स्टेट चौंपियनशिप में लगातार दबदबा, जिला ओलंपिक संघ द्वारा विशेष मान्यता प्राप्त, अपनी जीत पर बोलते हुए अनीश राज ने कहा, यह जीत एक सपने के सच होने जैसा है और एक ऐसा पल है जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा। मैं अपने परिवार और गुरुजनों का दिल से आभारी हूं, जिनका अटूट समर्थन और मार्गदर्शन मेरे सफर का आधार रहा है। वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना मुझे बेहद गर्व की अनुभूति कराता है, और मैं अपने देश को और भी सम्मान दिलाने के लिए कड़ी मेहनत जारी रखने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं। यह पदक हर उस भारतीय का है जो समर्पण और दृढ़ता की शक्ति में विश्वास रखता है।

## कार से टकराई बाइक,युवक की मौत, अचानक ब्रेक लगने से हुआ हादसा

नोएडा,संवाददाता। नोएडा में एक सड़क हादसे में 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। थाना सेक्टर–39 क्षेत्र के अंतर्गत बुलंदशहर के ककोड़ निवासी विवेक कुमार अपनी मोटरसाइकिल से शशि चौक की तरफ जा रहे थे। गोल्फ कोर्स मेट्रो स्टेशन के नीचे एक अज्ञात वैगनआर कार चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इस कारण पीछे से आ रही विवेक की मोटरसाइकिल (यूपी 16 ईएफ 2466) कार से टकरा गई। घायल विवेक को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। लेकिन उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अब इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। हादसे के संबंध में अधिक जानकारी जुटाई जा रही है।

## 4 दिन से लापता युवती मिली,परिवार को नशीला पदार्थ खिलाकर हुई थी फरार

नोएडा,संवाददाता। ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक 20 वर्षीय युवती को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। युवती चार दिन पहले अपने घर से लापता हो गई थी।

# पेरेंट–टीचर मीटिंग का आयोजन

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में प्रथम आवधिक परीक्षा समाप्त होने के पश्चात पेरेंट–टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सबसे पहले विद्यालय प्रधानाचार्य श्री तारकेश्वर सिंह, हेड–मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल एवं शिक्षक–शिक्षिकाओं सहित अभिभावक और बच्चों द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती और भगवान भोलेनाथ शिवजी का श्रद्धा–भक्ति पूर्वक पूजन सम्पन्न कर उनका आशीष प्राप्त किया गया। बरसात होने के बाद भी पेरेंट्स अपने पाल्य की पुस्तिकाओं का अवलोकन करने विद्यालय पहुंचे। पेरेंट्स ने अपने पाल्य से सम्बन्धित टीचर्स से मिलकर अपने बच्चों की पढ़ाई एवं प्रगति से संबंधित जानकारी हासिल की। बच्चों द्वारा तैयार किया गया वेस्ट मटेरियल से तैयार किया गया आर्ट–क्राफ्ट वर्क एवं बच्चों के



साइंस मॉडल्स विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। पेरेंट–टीचर मीटिंग के अवसर पर प्रधानाचार्य जी ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ ही प्रतिकूल परिस्थितियों में भी विद्यालय पधारे अभिभावकों का यथोचित सम्मान करते हुए सभी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक–शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बुंदेलखंड में बाढ़ से राहत के प्रयास तेज,जल शक्ति मंत्री ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

उरई/जालौन,संवाददाता। जालौन में लगातार हो रही भारी बारिश और नदियों में आए उफान के बाद बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सरकार ने राहत और बचाव कार्यों में तेजी ला दी है। रविवार को उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया और हालात का जायजा लिया। मंत्री ने सबसे पहले जालौन और कालपी तहसीलों के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। हवाई सर्वे के बाद मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रामपुरा विकासखंड के ग्राम मिटौरा और कंजोसा के बाढ़ से प्रभावित 180 लोगों को राहत किट वितरित की गईं। इन राहत किटों में दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई, ताकि प्रभावित परिवारों को कुछ सहारा मिल सके।इस दौरान जल शक्तिमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार बाढ़ पीड़ितों को हरसंभव मदद पहुंचा रही है। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड में इस बार औसत से अधिक बारिश हुई है, जिससे यमुना, पहूज और सिंध जैसी प्रमुख नदियों में जलस्तर तेजी से बढ़ा और कई गांवों में बाढ़ की स्थिति बन गई। हालांकि अब धीरे–धीरे जलस्तर घटने लगा है और हालात सामान्य होने की ओर हैं। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में आई बाढ़ की स्थिति को लेकर प्रदेश सरकार सक्रिय हो गई है। सरकार की ओर से पहले से ही बाढ़ की आशंका को देखते हुए समुचित तैयारियां की गई थीं। जिन गांवों में गरीब किसान और ग्रामीण बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, वहां राहत कैंप, विद्यालय और पंचायत भवनों को शरण स्थल के रूप में चिह्नित किया गया है। इन स्थानों पर रहने, भोजन और जलपान की समुचित व्यवस्था की गई है। जल शक्ति मंत्री ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमों को भी सक्रिय किया गया है। हर क्षेत्र में चिकित्सकों की तैनाती की गई है, ताकि खांसी, बुखार या अन्य बीमारियों की स्थिति में तुरंत उपचार मिल सके। ग्रामीणों को गुनगुना पानी पीने और स्वास्थ्य संबंधी सतर्कता बरतने की सलाह दी जा रही है। पशुधन को लेकर भी सरकार सतर्क है। मंत्री ने कहा कि पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था, टीकाकरण और पशुचिकित्सकों की टीम तैनात की गई है ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। जलभराव वाले शहरी इलाकों में पंपिंग सेट लगाकर जल निकासी का कार्य भी लगातार किया जा रहा है। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि सभी अधिकारी और मंत्री मौके पर मौजूद रहें और बाढ़ पीड़ितों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनें और समाधान करें।

# कोंम बिरादरी कोई भी हो पहले हम व्यापारी है : लोकेश अग्रवाल

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश का विशाल व्यापारी सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह संम्पन

- **२० उद्योगपतियों व समाजसेवीयो को व्यापारी रत्न की उपाधि से किया गया सम्मानित**
- **वर्तमान सरकार द्वारा व्यापारियों के उत्पीड़न व शोषण पर व्यक्त की चिंता**




(भव्य प्रभात)

हाथरस। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित विशाल व्यापारी सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह स्थानीय अलीगढ़ रोड स्थित एक रिसोर्ट में बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि लोकेश अग्रवाल ने कहा कि कोंम बिरादरी कोई भी हो पहले हम व्यापारी है,उन्होंने व्यापारियों के प्रशिक्षिन करने की आवश्यकता व योजना बताई और उसकी जरूरत भी समझायी, साथ ही वर्तमान सरकार द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न व शोषण पर चिंता व्यक्त की। लोकेश ने कहा इतने बड़े पैमाने पर जीएसटी कलेक्शन के बावजूद भी सरकार व्यापारियों का उत्पीड़न कर रही है, उनको शक की निगाह से दिखती है। आए दिन नित्य नए टैक्स लगाए जा रहे है,जबकि सरकार ने वादा किया था एक देश –एक टेक्स– एक कानून,फूड बिभाग की हठ धार्मिता आज चरम पर है, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के वरिष्ठ महामंत्री राधेश्याम अग्रवाल ने की।

कार्यक्रम में नगर के प्रमुख 20 उद्योगपतियों व समाजसेवीयो को सम्मान व्यापारी रत्न की उपाधि किया गया जिसके अंतर्गत सुरेश अग्रवाल बर्तन वाले, सुनील बर्मन, मुकेश बंसल, सुभाष गर्ग साड़ी वाले, कृष्ण अरोड़ा काके बाबू, दीपक अग्रवाल,डॉ सुनील अग्रवाल, सचित गर्ग,सचिन गोयल हींग वाले, नितिन कुमार नमकीन वाले, लाल बाबू, शुभम मित्तल, अमित आग्रवाल, डा विकाश शर्मा का सामाजिक,उद्योग जगत के क्षेत्र में कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।

इसके बाद जिला, नगर व युवा की टीम ने पद ओर गोपनीयता की शपथ ली। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में प्रांतीय उपाध्यक्ष गोविंद अग्रवाल, प्रदीप गंगा अलीगढ, परमेश शर्मा फिरोजाबाद, राजीव वार्षणेय नगर पालिका चौयरमेन सासनी, कपिल अग्रवाल प्रदेश मंत्री, देवेंद्र मोहता,प्रदेश संघठन मंत्री, नन्नूमल गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष उद्योग मंच,नवीन गुप्ता युवा जिला अध्यक्ष, नगर युवा अध्यक्ष आकाश गोयल, नगर अध्यक्ष मनोज बुटिया, डा विकास शर्मा आदि ने संबोधित किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में जिले की टीम ने शपथ ली। उद्योग मंच से जिला महामंत्री अनूप अग्रवाल के नेतृत्व में उद्योग मंच की टीम कों शपथ दिलवाई। कार्यक्रम का सफल और बेहतरीन संचालन जिला चैयरमेन कपिल अग्रवाल ने किया।

इस अवसर पर शिव शंकर साइकिल वाले,बंसी पंडित, गौरांग अग्रवाल,यश राठी, मनोज वर्मा, नरेंद्र बंसल,नितिन सपड़िया, दीपेश अग्रवाल सिकतरा वाले, अरविंद वार्षणेय फ्लोर मिल वाले,नितिन वार्षणेय जिला महामंत्री, सहित अनेक व्यापारी ने अपने अपने विचार रखे. कार्यक्रम में सादाबाद,सासनी,सिकंद्राराऊ हसायन, जलेसर रोड, सहपऊ, मेडू आदि कसबो के व्यापारियों ने भाग लिया । सभी ने लोकेश आग्रवाल का नागरिक अभिनंदन भी किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से हर्ष मित्तल, सुनील बंसल, राकेश बंसल, डॉ विकास शर्मा, नरेंद्र बंसल,प्रबल प्रताप सिंह, कप्तान सिंह ठेनुआ, सौरभ अग्रवाल, राहुल शर्मा, गिरीश मोहन गुप्ता, प्रवीन वार्षणेय, दायुदयाल वार्षणेय, महेश वर्मा, सुमित अग्रवाल, सूरज वार्षणेय, गजेंद्र वर्मा, नरेन्द्र सिंह यादव, आदि उपस्थित रहे।

# स्वतन्त्रता दिवस पर हर घर पर लहरायेगा तिरंगा

- **०२ अगस्त से १५ अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान**
- **डीएम ने बैठक कर लक्ष्य के तहत झण्डों का निर्माण कराते हुए वितरण कराने के दिये निर्देश**




(भव्य प्रभात)

हाथरस । शासन की मंशा के अनुरूप दिनांक 02 अगस्त 2025 से 15 अगस्त 2025 तक हर घर तिरंगा अभियान के सफल आयोजन हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते हुए जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के तहत झण्डों का निर्माण कराते हुए वितरण कराने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि हर घर तिरंगा भारत की आजादी के उपलक्ष्य में 13 अगस्त से 15 अगस्त को लोगों को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराना तथा राष्ट्र के प्रति दायित्वबोध का भाव उत्पन्न करना है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि हर घर तिरंगा अभियान तीन चरणों में सम्पन्न किया जायेगा। इसका प्रथम चरण 02 अगस्त 2025 से 08 अगस्त 2025 तक चलेगा। जिसमें विद्यालयों की दीवारों एवं बोर्डो पर तिरंगा सजावट, तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा राखी बनाने की कार्यशाला (उक्त राखियों को पुलिस एवं सेनाओं को भेजा जायेगा)। सैनिकों और पुलिस कर्मियों को आभार पत्र, तिरंगा बुनाई और धागे की गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। द्वितीय चरण 09 अगस्त 2025 से 12 अगस्त 2025 तक चलेगा। जिसमें तिरंगा महोत्सव, मेला, भव्य म्यूजिकल कॉन्सर्ट, जन भागीदारी के साथ तिरंगा महोत्सव का आयोजन होगा। जिसमें मुख्य अतिथि मा0 सांसद, मा0 विधायक व जनप्रतिनिधि होगें। अतिविशिष्ठ आयोजन में मेले में एसएचजी के स्टॉल लगाये जायेगें। तिरंगा प्रदर्शनी, सेल्फी बूथ एवं सेल्फी को वेबसाइट पर अपलोड करना, तिरंगा रैलियाँ, यात्राऐं, तिरंगा की बिक्री एवं वितरण का प्रबंधन आदि किया जायेगा। तृतीय चरण 13 अगस्त 2025 से 15 अगस्त 2025 तक चलेगा। जिसमें शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी भवनों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, कार्यालयों, पुलों आदि पर तिरंगा लाइटिंग, झंडा रोहण एवं सेल्फी अपलोड की जायेगी। स्थानीय स्तर पर झण्डों का उत्पादन स्वयं सहायता समूहों, एनजीओ, एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग अन्य निजी सिलाई केन्द्र के माध्यम से कराया जायेगा। झण्डों का वितरण एवं बिक्री राशन की दुकानों, ग्राम पंचायत भवनों, जन सेवा केन्द्रों, तहसील,विकास खंड कार्यालयों, प्राथमिक विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्र, पेट्रोल पम्प, एलपीजी सेंटर, डाकघर के माध्यम से किया जायेगा। आवासित घरों, सरकारी कार्यालयोंध्परिसर, सरकारीध्गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थाओं, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक इकाइयों एवं अन्य प्रतिष्ठानों पर झण्डा फहराया जायेगा।

जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि झण्डे का आकार आयताकार होना चाहिए। इसकी लम्बाई एवं चौड़ाई का अनुपात 3–2 होना चाहिए। उदाहरणार्थ, यदि झण्डे की लम्बाई 3 फीट हो तो चौड़ाई 2 फीट होनी चाहिए। झण्डा बनाने की सामग्री खादी अथवा हाथ से कता हुआ कपड़ाध्मशीन से बना हुआ कपड़ाध्सूतीध्पॉलीस्टरध्ऊनीधसिल्क आदि। झण्डे तीन रंगों में सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद तथा नीचे हरे रंग का प्रयोग कर बनाये जायेंगे। सफेद पट्टी में 24 तीलियों वाले अशोक चक्र को बाद में प्रिन्ट किया जाना चाहिए। प्रत्येक नागरिक को अपने आवासध्स्कूल तथा सरकारी कार्यालयों में झण्डा सम्मान के साथ झण्डा संहिता का अनुपालन करते हुए फहरानाध्लगाना है। झण्डा फहराते समय सदैव केसरिया रंग की पट्टी झण्डे के ऊपर की तरफ होनी चाहिए। झण्डे को यदि सरकारी परिसर में फहराया जाता है तो सूर्योदय के उपरान्त ध्वजारोहण किया जाना चाहिये तथा सूर्यास्त के साथ ही सम्मान के साथ इसे उतारना चाहिए। दिनांक 02 से 15 अगस्त, 2025 तक निजी आवासों एवं प्रतिष्ठानों पर लगाये जाने वाले झण्डों को उक्त समयावधि उपरान्त के आदर भाव के साथ उतार कर सुरक्षित रखा जायेगा। झण्डा उतारने के बाद किसी भी नागरिक के द्वारा इसे फेंका नहीं जायेगा। उसे सम्मान के साथ फोल्ड करके रखा जाना चाहिए। विशेष परिस्थितियों में झण्डा रात्रि में फहराया जा सकता है। घर पर झण्डा विधिवत् तरीके से लगाया जाना चाहिए। आधा झुका, फटा या कटा झण्डा लगाया जाना निषेध होगा।


जिलाधिकारी ने संबंधित समस्त विभागाध्यक्षों को लोगों को जागरूक करने के उददेश्य से रैली, प्रभात फेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराने और व्यापक प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने ए0आर0टी0ओ,ए0आर0एम0 रोडवेज को समन्वय स्थापित करते हुए सभी सरकारी वाहनों एवं सामाजिक संस्थाओं व समाजसेवी संस्थाओं के माध्यम से वाहनों में स्टीकर चस्पा करने के साथ–साथ जागरूता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को जिला विकास अधिकारी व युवा कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में बनाये गये खेलकूद के मैदानों में झण्डा फहराने के साथ–साथ कार्यक्रमों का आयोजन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को समस्त ग्राम पंचायतों के सरकारी भवनों पर ध्वजा रोहण की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होनें समस्त विभागाध्यक्षों को अपने–अपने कार्यालयोंध्भवनों में तिरंगा लाईट के माध्यम से सजावट करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिकाध्नगर पंचायतों को शहर के प्रमुख चौराहों, सरकारी भवनों व विद्युत पोलों पर तिरंगा लाईट लगाने के साथ साथ जागरूकता कार्यक्रम व रैलीध्प्रभात फेरी आदि निकालने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अर्न्तगत शहर के मुख्य चौराहों की साफ–सफाई की व्यवस्था ठीक हो तथा लाईटों से सजाया जाये। नगर निकाय यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक घर में तिरंगा फहराया जाये। उन्होंने सी0एम0ओ0 को जिला अस्पताल, सी0एस0सी0, पी0एस0सी0, हैल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों पर ध्वजारोहण स्वास्थ्य सेवाओं में प्रयोग किये जाने वाले सरकारीध्गैर सरकारी वाहनों के साथ–साथ निजी अस्पतालों व औषद्यालयों पर ध्वजा रोहण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को समस्त विद्यालयों में शासन की मंशा के अनुरूप कार्यवाही कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होने समस्त विभागों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट को नियमित रूप से उपलब्ध कराने तथा प्रतिदिन विभागों द्वारा आयोजित किये जाने वाले जागरूकता संबंधित कार्यक्रमों के फोटोग्राफ्स पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। बैठक का संचालन जिला पंचायतराज अधिकारी द्वारा किया गया।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, परियोजना निदेशक, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारीध्कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# बतौर कप्तान इंग्लैंड में चमके शुभमन

## गूच का रिकॉर्ड तोड़ा, टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे भारतीय

लंदन। गिल ने न सिर्फ बदलाव के दौर से गुजर रही भारतीय टीम का नेतृत्व किया, बल्कि विषम परिस्थितियों के बावजूद इंग्लैंड पर दबाव बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। फिलहाल भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट मैच जारी है। भारतीय टीम की दूसरी पारी में गिल 11 रन बनाकर आउट हुए जबकि पहली पारी में उन्होंने 21 रन बनाए थे। इसी के साथ गिल ने इंग्लैंड दौरे पर रिकॉर्ड्स की झड़ियां लगा दीं। रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भारतीय टेस्ट टीम की कमान संभालने वाले शुभमन गिल ने मौजूदा इंग्लैंड सीरीज में अपने प्रदर्शन से साबित कर दिया कि भारतीय चयनकर्ताओं ने उन पर दांव लगाकर कोई गलती नहीं की है। गिल ने न सिर्फ बदलाव के दौर से गुजर रही भारतीय टीम का नेतृत्व किया, बल्कि विषम परिस्थितियों के बावजूद इंग्लैंड पर दबाव बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। फिलहाल भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट मैच जारी है। भारतीय टीम की दूसरी पारी में गिल 11 रन बनाकर आउट हुए जबकि पहली पारी में उन्होंने 21 रन बनाए थे। इसी के साथ गिल ने इंग्लैंड दौरे पर रिकॉर्ड्स की झड़ियां लगा दीं। आइये देखते हैं. .. ब्रेडमैन–गूच के क्लब में शामिल शुभमन भारतीय टेस्ट क्रिकेट के श्शुभ युग का आगाज हो चुका है। शुभमन गिल ने रोहित शर्मा के द्वारा खाली किए गए स्थान के लिए मजबूत दावेदारी पेश की है। वह इस सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 10 पारियों में 75.4 के औसत से बल्लेबाजी करते हुए 754 रन बनाए हैं। इसमें चार शतक भी शामिल हैं। गिल एक टेस्ट सीरीज में बतौर कप्तान सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने ग्राहम गूच का रिकॉर्ड तोड़ दिया। दरअसल, गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ बतौर कप्तान 752 रन बनाए थे। अब गिल ने 754 रन बनाकर उनका रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। इस मामले में शीर्ष पर सर, डॉन ब्रैडमैन हैं जिन्होंने 1936-37 में इंग्लैंड के खिलाफ कप्तान रहते हुए 810 रन बनाए थे। गिल टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे भारतीय गिल ने इंग्लैंड दौरे पर चार शतक लगाए जिसमें एक दोहरा शतक भी शामिल है। वह किसी टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बन गए। इस मामले में शीर्ष पर सुनील गावस्कर का नाम दर्ज है, जिन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज दौरे पर 774 रन बनाए थे। अब गिल के नाम इंग्लैंड दौरे पर 754 रन दर्ज हो गए। तीसरे स्थान पर भी सुनील गावस्कर का ही नाम है, जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में 732 रन बनाए। चौथे स्थान पर यशस्वी जायसवाल का नाम दर्ज है जिन्होंने 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में 712 रन बनाए थे। पांचवें पायदान पर विराट कोहली का नाम है, जिन्होंने 2014-15 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 692 रन बनाए थे। सर्वाधिक टेस्ट रन बनाने वाले विदेशी कप्तान इस दौरे पर दाएं हाथ के बल्लेबाज ने शानदार प्रदर्शन किया।




### मुंबई वानखेड़े स्टेडियम में विराट–धोनी और रोहित शर्मा के साथ दिखेंगे लियोनेल मेसी

फुटबॉल की दुनिया का बादशाह और अर्जेंटीना के वर्ल्ड चैंपियन कप्तान लियोनेल मेसी 14 साल लंबे अंतराल के बाद भारत दौरे पर आ रहे हैं। 13 से 15 दिसंबर के बीच अपने तीन दिन के भारत दौरे पर मेसी कोलकाता, दिल्ली और मुंबई का दौरा करेंगे। मेसी को कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर सम्मानित किया जाएगा। अपनी यात्रा के दौरान मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मेसी भारत के स्टार क्रिकेट खिलाड़ियो के साथ वानखेड़े स्टेडियम में क्रिकेट खेलते नजर आएंगे। 14 दिसंबर को वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाने वाले क्रिकेट मैच में मेसी के साथ सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, रोहित शर्मा और एमएस धोनी जैसे भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी खेलते नजर आएंगे। सात–साथ खिलाड़ियों वाली टीमों के बीच खेले जाने वाले मुकाबले में दर्शकों मेसी की ड्रिब्लिंग की जगह क्रिकेट का क्लास देखने का मौका मिलेगा। ये भारतीय क्रिकेट और फुटबॉल फैंस के लिए एक अनोखा नजारा होगा। एमसीए के एक अधिकारी ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि, मेसी 14 दिसंबर को वानखेड़े स्टेडियम में मौजूद रहेंगे। संभावना है कि व पूर्व और मौजूदा क्रिकेटरों के साथ एक क्रिकेट मैच भी खेलेंगे। आयोजक जल्द ही सभी औपचारिकताओं के फाइनल होने के बाद पूरा शेड्यूल जारी करेंगे। मेसी इससे पहले साल 2011 में भारत आए थे। उन्होंने कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएला के खिलाफ फ्रेंडली मैच खेला था। 14 सालबाद मेसी भारत आ रहे हैं तो उनके फैंस बेसब्री से उनका इंतजार कर रहे हैं।

### कुछ खामियां हैं और उन्हें... एमएस धोनी ने अपनी रिटायरमेंट को लेकर भी दिया संकेत

चेन्नई सुपर किंग्स का पिछला आईपीएल सीजन अच्छा नहीं रहा। पहले ऋतुराज गायकवाड़ और फिर एमएस धोनी ने टीम का नेतृत्व किया लेकिन फिर भी कुछ नहीं बदला। वहीं एमएस धोनी ने अपने ताजा बयान में माना कि उनकी टीम में कुछ खामियां थी, जिन्हें सीएसके ने पहचाना। धोनी ने कहा कि आगामी सीजन के लिए होने वाले ऑक्शन में उनकी टीम उन खामियों को दूर करने की कोशिश करेगी। पिछले सीजन में सीएसके ने अंक तालिका में सबसे नीचे रही। 14 लीग मैचों में सिर्फ 4 में जीत मिली, 10 में हार। वहीं एमएस धोनी ने मैक्सीविजन सुपर स्पेशयलिटी आई हॉस्पिटल्स के उद्घाटन के मौके पर आईपीएल को लेकर बात की। स्पोर्टस्टार ने अपनी रिपोर्ट अनुसार धोनी ने कहा कि, कुछ कमियां थी, जिन्हें हमें दूर करना था। हम अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर चिंतित थे, लेकिन अब मुझे लगता है कि सीएसके का बल्लेबाजी क्रम काफी व्यवस्थित है। गायकवाड़ भी वापस आएंगे तो हम काफी हद तक व्यवस्थित हैं। एमएस धोनी ने कहा कि, मुझे लगता है कि हम अधिकतर बार ये पता लगाने में सफल रहे हैं कि आखिर क्या गलती हुई। दिसंबर में आईपीएल का मिनी ऑक्शन होगा, कुछ खामियां हैं और हम उन्हें दूर करने की कोशिश करेंगे। आपको टूर्नामेंट की शुरुआत में ही अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा, ऐसी योजना बनानी होगी। आपको संसाधनों को बेहतर तरीके से उपयोग करना होगा। हम अधिकतर चीजों को सुलझाने और बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे।

### इंग्लैंड में रविंद्र जडेजा का कारनामा, गावस्कर–स्टीव वॉ का बड़ा रिकॉर्ड किया ध्वस्त

इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट की पहली पारी में रविंद्र जडेजा ने 9 रन बनाए लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाजी की। इस दौरान उन्होंने 77 गेंदों पर 5 चौकों के साथ 53 रन की अहम पारी खेली। इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने दूसरी पारी में 396 रन बनाए जिसमें जडेजा का भी अहम योगदान रहा। जडेजा ने अपनी इस अर्धशतकीय पारी के दम पर कुछ बेहतरीन रिकॉर्ड्स बनाए और अब वह इंग्लैंड में भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा र बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए और सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ दिया साथ ही एक टेस्ट सीरीज में नंबर 6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए।

## अब हम उन वस्तुओं को खरीदेंगे, जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है: मोदी

विश्व की अस्थिर अर्थव्यवस्था के प्रति चिंता जताते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि हमारे किसान, हमारे लघु उदयोग, हमारे नौजवानों के रोजगार, इनका हित हमारे लिये सबसे ऊपर है। उन्होंने आगे कहा, इसलिए अब हम उन वस्तुओं को खरीदेंगे, जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है। प्रधानमंत्री ने करीब 53 मिनट के अपने भाषण के अंतिम छह मिनट में भारत की अर्थव्यवस्था और स्वदेशी का उल्लेख किया। मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, आज जब हम आर्थिक प्रगति की बात कर रहे है, तो मैं आपका ध्यान वैश्विक हालात पर ले जाना चाहता हूं। आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही हैं। अस्थिरता का माहौल है। ऐसे में दुनिया के देश अपने–अपने हितों पर ध्यान दे रहे है। मोदी ने कहा, भारत भी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसलिये भारत को भी अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना ही है। हमारे किसान, हमारे लघु उदयोग, हमारे नौजवानों के रोजगार, इनका हित हमारे लिए सर्वोपरि हैं। सरकार इस दिशा में हर प्रयास कर रही है। लेकिन देश के नागरिक के रूप में भी हमारे कुछ दायित्व है। यह बात सिर्फ मोदी नहीं, हिंदुस्तान के हर व्यक्ति को दिन में हर पल बोलते रहना चाहिए। उन्होंने कहा, कोई भी राजनीतिक दल हो, कोई भी राजनेता हो, उसे अपने संकोच को छोड़कर के देशहित में देशवासियों के अंदर स्वदेशी के संकल्प का भाव जगाना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, हम उन वस्तुओं को खरीदेंगे, जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है। वह वस्तु भारत के लोगों ने बनाई है, भारत के लोगों के कौशल से बनी है। भारत के लोगों के पसीने से बनी है। हमें वोकल फार लोकल मंत्र को अपनाना होगा। मोदी ने कहा, हमारे घर में जो भी नया सामान आयेगा, वह स्वदेशी ही होगा। यह जिम्मेदारी हर देशवासी को लेनी होगी। उन्होंने व्यापारियों से स्वदेशी माल ही बेचने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, स्वदेशी माल बेचने का संकल्प भी देश की सच्ची सेवा है। त्योहारों के महीने आने वाले हैं। उसके बाद शादियों का सीजन है। इस दौरान स्वदेशी वस्तुओं को ही खरीदना चाहिए। इससे पहले प्रधानमंत्री ने सरकार की किसान–केंद्रित नीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार लगातार किसानों की खुशहाली के लिए काम कर रही है। मोदी ने आरोप लगाया कि पहले की सरकारों में किसानों के नाम पर की गई घोषणाएं पूरी होना मुश्किल था, लेकिन भाजपा सरकार जो कहती है, वो करके दिखाती है।

## दुबई में भारत–पाकिस्तान के बीच महामुकाबला, इन जगहों पर खेले जाएंगे एशिया कप के मुकाबले

नई दिल्ली। एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने शनिवार को एशिया कप के मुकाबलों के लिए स्थानों का एलान कर दिया। पुरुष क्रिकेट टीम के बीच होने वाला एशिया कप 9 से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेला जाएगा। एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने शनिवार को एशिया कप के मुकाबलों के लिए स्थानों का एलान कर दिया। पुरुष क्रिकेट टीम के बीच होने वाला एशिया कप 9 से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप मुकाबला रविवार (14 सितंबर) को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की टीमें एक ही ग्रुप में हैं। ऐसे में रविवार (21 सितंबर) को सुपर 4 मैच में फिर से उनके आमने–सामने होने की उम्मीद है। भारत के अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ टीम इंडिया एशिया कप में अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ करेगा। भारत के सभी मैच दुबई में खेले जाने की संभावना है। भारत, पाकिस्तान, यूएई और ओमान को ग्रुप–ए में रखा गया है। ऐसे ही श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हांगकांग ग्रुप–बी में हैं। एसीसी 19 मैचों के इस टूर्नामेंट के लिए 17 सदस्यीय टीमों को अनुमति देगा। मैच दुबई और अबू धाबी में खेले जाएंगे।

भव्य प्रभात

# ट्रंप को मोदी की दो टूक

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत के खिलाफ उठाए गए तीखे व्यापारिक कदमों और विवादित बयानों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत दिवस वाराणसी में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए भारत के आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और आर्थिक मजबूती का दमदार संदेश दिया। भारत के लिए अपने किसानों, युवाओं और छोटे उद्यमियों की रक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है. हम किसी भी देश के दबाव में न अपने फैसले बदलेंगे, न अपने संकल्प।। यह एक तरह से अमरीका राष्ट्रपति को दो टूक जबाब है।प्रधानमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत अब तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में बढ़ रहा है, और इसके लिए 'वोकल फॉर लोकल' और 'स्वदेशी उत्पादों' के लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। निश्चित रूप से भारत का यह संकल्प अमरीका की आर्थिक स्थिति पर वह चोट पहुंचायेगा जिसकी अमरीका को कल्पना भी नही होगी। मोदी ने स्पष्ट शब्दों में कहाकि ऐसे समय में जब दुनिया अस्थिरता के दौर से गुजर रही है, भारत को अपने आर्थिक आत्मबल और रणनीतिक नीति–निर्माण पर पूरी तरह ध्यान देना होगा। इतना तो यह है कि डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयानों ने भारत–अमेरिका व्यापार संबंधों में तनाव बढ़ा दिया है। भारत पर भारी शुल्क लगाने, पाकिस्तान के साथ रिफायनरी साझेदारी और यहां तक कि भारत से तेल व्यापार खत्म करने की संभावना तक जताई हैं जिससे भारतीयों में डोनाल्ड ट्रंप के रवैये से आघात पहुंचा है। इतना ही नहीं, ट्रंप ने भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत यानी मृत कहकर दुनिया भर में विवाद छेड़ दिया। इस पर पलटवार करते हुए पीएम मोदी ने कहाकि कुछ लोग भारत की ताकत भूल गए हैं। हमारी आर्थिक प्रगति, हमारे युवा और हमारी नीतियां दुनिया के लिए उदाहरण बन रही हैं। 2024 में भारत ने 7.8 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर्ज कराई जो वैश्विक औसत से कहीं बेहतर है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 670 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। जो विश्व में सबसे बड़े भंडारों में से एक है।2024 में भारत का कुल निर्यात 437 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें 120 अरब डॉलर का व्यापार अकेले अमेरिका के साथ हुआ। क्या इस आकड़े को अमरीका नजर अन्दाज कर सकता है ? 2025–26 के बजट में एमएसएमई क्षेत्र के लिए 2 लाख करोड़ और किसानों के लिए 1.52 लाख करोड़ की सहायता की घोषणा की गई है।इन आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि भारत की आर्थिक स्थिति स्थिर ही नहीं, बल्कि लगातार प्रगति की ओर बढ़ रही है। ऐसे में भले ही कुछ नेता या विदेशी नेता कुछ भी कहें भारत को इससे कोई फर्क नही पड़ता। प्रवासियों के खदड़ने की घटना के बाद से अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप अचानक से भारत को लेकर बेहद आक्रामक हो गए हैं। उन्होंने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है और यह भी चेताया है कि रूस से व्यापार की एवज में कुछ एक्स्ट्रा टैक्स भी लगाया जाएगा। ट्रंप का हालिया बयान केवल टैरिफ या व्यापार घाटे से नहीं जुड़ा। इसके पीछे लंबी हताशा और अपनी इमेज बचाने की चिंता है। कई चरण की बातचीत के बावजूद दोनों देशों की ट्रेड डील किसी अंजाम तक नहीं पहुंच पाई है। हर डील अपनी शर्तों पर करने वाले ट्रंप कृषि और डेयरी सेक्टर में अमेरिका के लिए खुली छूट चाहते हैं। ऐसा करना भारतीय किसानों के हित में नहीं होगा और सरकार को इस मामले में बिल्कुल भी नहीं झुकना चाहिए। वैसे भी व्यापार एकतरफा फायदे को देखकर नहीं किया जा सकता। हालाकि दूसरी तरफ अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के साथ असहमति की जो वजहें गिनाई हैं, उसमें रूस से तेल खरीदना प्रमुख है। वैसे तो 2022 तक भारत की तेल आपूर्ति में रूस का हिस्सा सिर्फ 1 प्रतिशत था। आज यह आंकड़ा 35–40 प्रतिशत है, और जरूरत पड़ने पर इससे पीछे हटना संभव है, क्योंकि अब रूसी तेल पर पहले जितना फायदा नहीं हो रहा फिर भी यहां बात केवल फायदे नहीं, दो देशों के रिश्तों और हक की भी है। भारत की अपनी ऊर्जा जरूरतें हैं। आखिर अमेरिका ने भी तो उस पाकिस्तान के साथ डील की, जो वैश्विक मंचों पर कई बार आतंकवाद की शरणस्थली साबित हो चुका है। ऐसे में पाक के प्रति अमरीका का लगाव भारत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। वैसे भी ट्रंप न अपने बयानों पर स्थिर रहते हैं और न पॉलिसी पर ऐसे में जिन देशों ने उनके साथ डील की है, उन्हें भी कोई फायदा नहीं हुआ। ब्रिटेन, वियतनाम से डील के बावजूद टैरिफ बढ़ रहा है। इसी तरह ईयू के कई देश नाराज हैं क्योंकि आयात शुल्क औसत 4.8 प्रतिशत से बढ़कर अब 15 प्रतिशत हो चुका है। अब किसी भी सूरत में टैरिफ की स्थिति पहले वाली नहीं रहेगी। इसलिए भारत को किसी दबाव में नहीं आना चाहिए। भारत को अगर कुछ मामलों में अमेरिका की जरूरत है। , तो अमेरिका को भी कई जगह भारत का साथ चाहिए। ऐसे में भारत को ईट का जबाब पत्थर से देना चाहिए और जैसे को तैसा की भूमिका में अडिग रहना होगा।

# ज्ञान से मित्रता

**हृदयनारायण दीक्षित**

ज्ञान से श्रेष्ठ कुछ भी नहीं। गीता की घोषणा है–नहि ज्ञानेन पवित्रमिह विद्यते। ऋग्वेद में 'ज्ञान' विषयक एक सूक्त (ऋ0 10.71) है। 'ज्ञान' यहां एक देवता हैं। ऋग्वेद के देवता अभिभूत करते हैं। यहां पशु पक्षी भी देवता हैं। कृषि भी देवता है। साहस (मन्यु) भी देवता हैं। श्रद्धा और हांथ भी देवता है। जहां जहां दिव्यता वहां वहां देवता। वस्तुओं मनोभावों को देवता मानने की वैदिक शैली अनूठी है। यही परम्परा ट्रक चालक भी निभाते हैं। वह गाड़ी पर बैठते ही स्टीयरिंग को प्रणाम करता है, सिर झुकाता है चल देता है। लोग ऐसे कृत्यों पर हंसते हैं। हंसना जायज है। स्टियरिंग को प्रणाम करने का कोई तुक नहीं। लेकिन ऋग्वेद में 'नमस्कार' भी देवता हैं। मूर्ति, स्टीयरिंग, किताब, पेड़ या नदी को किए गए नमस्कार का सीधा सम्बंध हमारी अंतश्चेतना से है। मूर्ति या स्टीयरिंग नमस्कार के भूखे नहीं है। वे इसका जवाब भी नहीं देते। लेकिन नमस्कार से हमारे मन और काया में रासायनिक परिवर्तन होते हैं। नमस्कार अंतःकरण को प्रीतिभाव से भरता है। सृष्टि के प्रारम्भ में कोई एक आदि तत्व या मूलभूत द्रव्य रहा होगा। उसी से भिन्न भिन्न पदार्थो का विकास हुआ। परम तत्व एक से अनेक रूपों में हो गया। ऋषि बताते हैं "अग्रं यत्प्रैरत नामधेयं दधानाः–प्रारम्भिक स्थिति में विभिन्न पदार्थो का नामकरण ही ज्ञान का प्रथम सोपान बना। इनका शुद्ध ज्ञान अनुभूति में होता है और वह अंतः प्रेरणा से प्रकट होता है।" (ऋ0 10.71.1) रूप देखकर नाम रखना, रूप के साथ नाम मिलाकर जानना ज्ञान की शुरुवात है। रूपों के भीतर छुपे गुण–धर्म का ज्ञान अनुभव से ही आता है। यहां अनुभव पर जोर है। जलती अग्नि या बहती हुई नदी दिखाई पड़ीं यह रूप था। नाम रखा गया अग्नि या नदी। रूप के साथ नाम याद रखना ज्ञान की प्रथम सीढ़ी है। नाम पदार्थ नहीं है। वह वस्तु या पदार्थ का भाषिक प्रतिनिधि है। नाम और रूप मिलाकर ज्ञान बनते हैं। इसके सामाजिक बोध और ज्ञान को साझी बनाने के लिए भाषा चाहिए। भाषा सुबोध चाहिए। सुसंस्कृत भी चाहिए। ऋषि कहते हैं, "सूप से सत्तू स्वच्छ करने की तरह मेधावी जन भाषा गढ़ते हैं और मित्रगण आत्मीय भाव से समझ लेते हैं। ऐसे सफल विद्वान की वाणी में लक्ष्मी का निवास होता है"

(वही, मन्त्र 2) भाषा ज्ञानी की वाणी में सरस्वती नहीं लक्ष्मी के निवास का रूपक है। वाणी स्वयं देवी है। वह स्वयं सरस्वती है। भाषा का ज्ञान अतिरिक्त समृद्धि है। इसलिए यहां लक्ष्मी का रूपक है। आगे कहते हैं "ज्ञानियों ने तत्वज्ञानियों के अंतःकरण में प्रविष्ट भाषा को प्राप्त किया। उसे प्रसारित किया।" (वही, मन्त्र–3) ज्ञानी को तत्वज्ञानियों से भाषा संस्कार मिले। तब उनका प्रसार हुआ। माना जाता है कि जो प्रत्यक्ष है, वह सत्य है, वही ज्ञान है। ऋषि सतर्क करते है "अनेक लोग देखकर भी ज्ञान नहीं पाते। अनेक लोग सुनकर भी ज्ञान नहीं पाते। लेकिन सुपात्र के सामने वाणी स्वयं ही अपना सत्य रूप प्रकट कर देती है।" (वही, मन्त्र 4) पढ़कर लिख देना एक शैली है। लोग ऐसे लेखकों को विद्वान कहते है। सुना सुनाया दोहरा देने वाले भी ज्ञानी जैसी प्रतिष्ठा पाते है लेकिन ऋषि कहतें हैं, "शाब्दिक भावों को ग्रहण करने और उन्हें दोबारा प्रकट करने वाले प्रशंसा पाते है परन्तु उनमें से भी बहुत ऐसे हैं जो भाषा का फल (अर्थ) और फूल (अभिप्राय) नहीं जानते, ऐसे लोग दूध रहित गाय दुहते हैं। वाणी के जरिए प्रपंच करते हैं।" (वही मन्त्र 5) खास बात है अनुभव। अनुभूति ही ज्ञान को वास्तविक बताती है। ऋषि 'ज्ञान से मित्रताय को जरूरी बताते है "जो सत्य ज्ञान की धारा से मित्रता त्याग देते हैं यस्ति त्याज सचिविदं सखायं–ज्ञान से सखा भाव नहीं रखते, उन्हें दिव्यवाणी (ज्ञान) में अपना हिस्सा नहीं मिलता।" (वही–मन्त्र 6) ऋग्वेद में एक समान ज्ञानी, एक समान श्रोत्रशक्ति सम्पन्न मेधावी भी 'एक समान' नहीं बताये गये। कहते हैं "दर्शन शक्ति सम्पन्न, श्रोत्रशक्ति सम्पन्न, एक समान ज्ञान से युक्त मित्र भी अनुभवजन्य ज्ञान में एक समान नहीं होते।" (वही मन्त्र 7) साथ साथ रहने वाले, आपस में मित्र, एक ही विषय में एक जैसी उच्च शिक्षा प्राप्त विद्वान भी अनुभव भिन्नता के कारण एक समान नहीं हो सकते। सत्यबोध ही ज्ञान है। हम सबका इन्द्रिय बोध एक ही पदार्थ के रूप को भिन्न भिन्न रूप में ग्रहण करता है। सत्य सदा सत्य है। सत्य 'त्रिकाल अबाधित' होता है। भूत, भविष्य और वर्तमान उस पर प्रभाव नहीं डालते। अस्तित्व सत्य है। व्यक्त भी सत्य है पर समूचा व्यक्त भिन्न भिन्न रूपों में विभाजित जान पड़ता है। रूप प्रत्यक्ष हैं, सत्य हैं।

परिवर्तनशीलता भी सत्य है। रूप का अंतस–अव्यक्त सत्य है। अव्यक्त अरूप सदा एक है। भाषा की शक्ति बड़ी है लेकिन असीम और अनंत नहीं हैं। वस्तु, व्यक्ति या रूप का नाम लेना आसान है लेकिन चित्त में उभरने वाले भावों का वर्णन दुष्कर। परम चेतना विराट है। असीम है। परम चेतन की व्याख्या नहीं हो पाती। भाषा और शब्दों की सीमा है। तब उसकी चर्चा हो कैसे? वैदिक काव्य में परस्पर विरोधी गुणों को जोड़कर विराट को समझाने का रम्य प्रयास है। 'उसे' भाषा में समझाया नहीं जा सकता। वह अनुभूति अनिर्वचनीय है, अव्याख्येय है। उसकी व्याख्या असंभव है। पुराणों में उसे अव्याख्येय बताते हुए बड़े दिलचस्प प्रतीक गढ़े गये कि समुद्र को स्याही और हिमालय को कलम बनाकर भी उसका वर्णन नहीं हो सकता। बड़े से बड़े द्रष्टा, कवि और देवता, आदि भी उसके सामर्थ्य का वर्णन नहीं कर सकते। लेकिन ऋषियों ने उसे अनुभूति में जाना था। वे गद्गद् थे। परम उल्लास में थे। उल्लास से ही मंत्र काव्य फूटे, लेकिन विराट का वर्णन असंभव था। विराट को समझना बड़ा कठिन है। प्रगाढ़ अनुभूति में उसका बोध हो भी जाए तो बोध को बताना और भी कठिन। पुराणों में 'गूंगे के स्वाद' का प्रतीक इस्तेमाल हुआ है। स्वाद की मधुमयता का बखान गूंगा करे तो कैसे करे? अस्तित्व की अनुभूति का बखान और भी असंभव है। तुलसीदास ने गाया है। "एक दारूगत देखिय एकूध्यावक सम जुग ब्रह्म विवेकू–एक अग्नि प्रत्यक्ष है, वही अग्नि गुप्त है, ब्रह्म भी ऐसा ही है, जो प्रत्यक्ष है वह ब्रह्म, जो अप्रत्यक्ष है वह भी ब्रह्म। 'व्यक्त' प्रत्यक्ष हैं, अव्यक्त में वे एक है। ऋग्वेद (10.5.7) में कहते हैं, "असच्च सच्च परमें व्योमन–परम व्योम में सत् असत् दोनों हैं।" सच्चध्असच्च हमारी आंखे देखती हैं। इसे समझाने के लिए दो शब्दों का प्रयोग हुआ। असल बात परम व्योम है। मंत्रों के लिए कहते है "ऋचा अक्षर परम व्योमन–ऋचाएंध्मंत्र परम व्योम में रहते है।" अव्यक्त परब्रह्म जब व्यक्त प्रकट बनता है तब सत् असत्। सृष्टि का व्यक्त भाग ही इकाई में व्यक्ति है और भाषा में अभिव्यक्ति है। संसार में व्यक्त है अनंत में अव्यक्त और व्यक्त है। ब्रह्म सम्पूर्णता का पर्यायवाची है। यह वेदांत दर्शन का प्रिय विषय है। ऋग्वेद में प्रकृति की तमाम शक्तियों को विभिन्न देवनाम दिए गये हैं। लेकिन मूल सत्य 'एकं सद्' है। उपनिषदों में ऋग्वेद की 'एकंसद' (एक ही सत्य) अनुभूति का विकास है। ऋग्वेद में उसे इन्द्र अग्नि और वरूण अदिति जैसे नाम दिए गये। उपनिषदों में उसे ब्रह्म, सच्चिदानंद, प्राण और ईश्वर जैसे अशरीरीध्आधिभौतिक नामों से जाना गया। लेकिन नाम से क्या होता है? नाम रूप के साथ ज्ञान से मित्रता जरूरी है।



ज्ञान अनमोल है। हमेशा ज्ञान हासिल करते रहना चाहिए, क्योंकि ज्ञानी को ही सम्मान मिलता है, मूर्ख व्यक्ति की ओर कोई ध्यान नहीं देता है।




आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ब्यूटी एक्सपर्ट की मदद से कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं। जिनका इस्तेमाल करने से आप आसानी से डस्की स्किन को खूबसूरत बना सकती हैं। हम आपको डस्की स्किन पर मेकअप करने के लिए आप कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं।

हर महिला खूबसूरत दिखना चाहती हैं, जिसके लिए वह काफी प्रयास भी करती हैं। डस्की स्किन को खूबसूरत बनाने के लिए महिलाएं महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। अगर आपकी स्किन भी डस्की है, तो आप भी अपने चेहरे को खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए मेकअप करती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ब्यूटी एक्सपर्ट की मदद से कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं। जिनका इस्तेमाल करने से आप आसानी से डस्की स्किन को खूबसूरत बना सकती हैं। हम आपको डस्की स्किन पर मेकअप करने के लिए आप कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं।

मेकअप करने से पहले सही फाउंडेशन का चुनाव करना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में आप ऑरेंज या ब्राउन टोन फाउंडेशन का इस्तेमाल कर सकती हैं। यह डस्की स्किन के लिए बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकता है।

कोरल शेड ब्लश


डस्की स्किन वाली लड़कियां कोरल शेड ब्लश का इस्तेमाल कर सकती हैं। यह इस स्किन टोन वाली लड़कियों के लिए फायदेमंद हो सकता है। वहीं आंखों का मेकअप करने के लिए आप ब्लैक कलर के लाइनर का यूज कर सकती हैं। वहीं आप आईशैडो भी लाइट कलर को चुनें।

वॉर्म टोन लिपस्टिक

अगर आप लिपस्टिक के कलर को चुनने में कंफ्यूज हो रही हैं, तो डस्की स्किन वाली लड़कियां वॉर्म टोन वाली लिपस्टिक चुन सकती हैं। यह शेड्स आपके चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने में सहायता करते हैं।

न्यूड शेड कंपैक्ट पाउडर

मेकअप के समय जब भी आप कंपैक्ट पाउडर का इस्तेमाल करें, तो इसका शेड न्यूड ही रखें। यह कंपैक्ट पाउडर मेकअप को खास बनाने में मदद करेगा। डस्की स्किन वाली लड़कियों के लिए यह मेकअप टिप्स बहुत काम आएंगे।






आप पपीते के पत्ते का इस्तेमाल फेस मास्क बनाकर भी कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताएंगे कि पपीते के पत्ते में कौन–कौन से गुण मौजूद होते हैं। साथ ही इसको आप कैसे इस्तेमाल में ला सकती हैं।

धूल–मिट्टी और प्रदूषण का असर सिर्फ हमारी सेहत पर ही नहीं बल्कि स्किन का ग्लो भी कम हो जाता है। इस कारण स्किन संबंधी समस्या शुरू हो जाती हैं। ऐसे में महिलाएं स्किन का ग्लो वापस पाने के लिए तमाम ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं।

लेकिन इन प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल बंद करते ही यह समस्याएं फिर शुरू हो जाती हैं और ज्यादा खर्च भी होता है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि पपीते के पत्ते का इस्तेमाल करके आप स्किन संबंधी समस्याओं को कम करने के साथ स्किन को ग्लोइंग भी बना सकती हैं।

आप पपीते के पत्ते का इस्तेमाल फेस मास्क बनाकर भी कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताएंगे कि पपीते के पत्ते में कौन–कौन से गुण मौजूद होते हैं। साथ ही इसको आप कैसे इस्तेमाल में ला सकती हैं।

त्वचा के लिए फायदेमंद है पपीते के पत्ते

बता दें कि पपीते के पत्ते में एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन्स समेत कई गुण पाए जाते हैं। यह गुण स्वास्थ्य के साथ स्किन के लिए भी फायदेमंद है। पपीते के पत्ते का इस्तेमाल करने से स्किन अच्छी तरह से साफ होती है। पपीते के पत्ते का इस्तेमाल करने से स्किन साफ होती है और दाग–धब्बे व डलनेस की समस्या दूर होती है। आप पपीते के पत्ते को बेसन के साथ मिलाकर चेहरे पर फेस मास्क की तरह अप्लाई कर सकती हैं।

सामग्री

पपीते के पत्ते– 2 से 3

बेसन– 1 चम्मच

ऐसे बनाएं फेस मास्क

सबसे पहले पपीते के पत्ते को अच्छे से धो लें और फिर इसका पेस्ट बना लें।

अब इस पेस्ट में बेसन को अच्छे से मिक्स कर लें।

फिर इस पेस्ट को अपने फेस पर अप्लाई करें और इसको सूखने के लिए छोड़ दें।

जब पेस्ट सूख जाए, तो अपने फेस को पानी से धो लें।

आप सप्ताह में 2 दिन इस फेस मास्क का इस्तेमाल करें।

हालांकि किसी भी चीज को फेस पर लगाने से पहले पैच टेस्ट जरूर करना चाहिए।

इन बातों का रखें ध्यान

सुबह–शाम के समय अपने चेहरे को अच्छे से क्लीन करें।

फिर त्वचा को अच्छे से मॉइस्चराइज करें।

वहीं धूप से स्किन की बचाव के लिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें।




अगर बारिश में आप दही को अपने हेयर मास्क में शामिल कर रही हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि वह बहुत खट्टा या फ्रिज से निकला ठंडा ना हो। बहुत खट्टा या ठंडा दही लगाने से स्कैल्प में डैंड्रफ बढ़ सकता है और सर्दी–जुकाम भी हो सकता है।

बारिश के मौसम में आपके बाल अधिक देखभाल मांगते हैं। बारिश की बूंदे जब सीधे हमारे बालों व स्कैल्प के संपर्क में आती है तो इससे बालों में चिपचिपापन, उलझन व डैंड्रफ आदि की शिकायत शुरू हो जाती है। ऐसे में बालों की केयर करने के लिए हम सभी घरेलू उपाय खोजते हैं और तरह–तरह के हेयर मास्क बनाने लग जाते हैं। यकीनन बालों को पैम्पर करने के लिए घर पर मास्क बनाना एक अच्छा आइडिया है। लेकिन इस मास्क को बनाते समय आप किन इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल करते हैं, यह भी बहुत अधिक मायने रखता है।

चूंकि मानसून में हवा में नमी ज्यादा होती है, जिससे स्कैल्प पहले से ही सेंसिटिव हो जाता है। ऐसे में कई बार जो चीजें नॉर्मल दिनों में अच्छी होती हैं, वही इस मौसम में बालों के लिए गलत साबित होती हैं। गलत इंग्रीडिएंट्स का चयन करने से बालों में रूखापन व फंगल इंफेक्शन आदि की शिकायत हो सकती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही इंग्रीडिएंट्स के बारे में बता रहे हैं।